सार-समाचार

राजकीय छात्रावासों में प्रवेश की आवेदन तिथि 15 सितम्बर तक

कोटा, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में संचालित राजकीय विद्यालय, महाविद्यालय स्तरीय छात्रावासों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास में प्रवेष आवेदन ऑनलाईन करने की अन्तिम तिथि 31 अगस्त, 2025 नियत थी जिसे बढ़ाकर 15 सितम्बर कर दिया गया है। संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि छात्रावासों में रिक्त रही सीटो पर प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थी पर नवीन प्रवेश पोर्टल एसजेएमएस पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए विद्यार्थी राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है एवं परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिऐं। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 26 राजकीय छात्रावास संचालित है जिसमें से जिला मुख्यालय पर 7 बालिका (4 महाविद्यालय स्तरीय एवं 3 विद्यालय स्तरीय) एवं 8 बालक छात्रावास हैं। सुल्तानपुर व सांगोद ब्लॉक में 3-3 छात्रावास एवं इटावा ब्लॉक में 1 बालिका व 2 बालक छात्रावास, खैराबाद ब्लॉक में 1 बालिका व 1 बालक छात्रावास संचालित हैं जिनमें छात्र-छात्राओं के प्रवेष की कुल स्वीकृत संख्या 1370 है। इसके अलावा एक 50 बालकों की क्षमता का संभाग स्तरीय पालनहार आवासीय बालक छात्रावास भी संचालित हैं जिसमें पालनहार योजना में लाभान्वित रहे बालकों को प्रवेश दिया जाता है। आवेदन करने की प्रक्रिया एवं सामान्य दिशा-निर्देश का विवरण विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

कोटा, (निसं)। नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के करीब डेढ़ साल पुराने मामले में सुनवाई करते हुए पोक्सो क्रम-4 न्यायालय ने पकड़े गये आरोपी को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई। विशिष्ट लोक अभियोजक वन्दना नागर ने बताया कि पीड़िता के पिता ने कोटा ग्रामीण के एक थाने में 9 फरवरी 2024 को रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि उसकी नाबालिग बेटी 8 फरवरी 2024 को किसी को बिना बताये घर से चली गई, जिसको रिश्तेदारो में काफी तलाश किया लेकिन उसका पता कहीं नही चला। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि कुछ महीने पहले मोहल्ले के एक लड़के से बातचीत करते हुए बेटी को पकड़ा था, जिसको लेकर झगड़ा हुआ था, उसे शंका है कि उसकी बेटी को वह लड़का बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 363 में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए आरोपी के खिलाफ अपहरण व दुष्कर्म की धारा सहित पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए 24 जुलाई 2024 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया।

विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

कोटा, (निसं)। कलेक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में सोमवार को अन्तर्विभागीय समन्वय एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। आगामी दिनों में आयोजित होने वाले त्यौहारों और जुलूसों को देखते हुए कलेक्टर ने नगर निगम को मार्गों की सफाई, झूलते तारों को व्यवस्थित करने, गड्ढों की मरम्मत तथा जीर्ण-शीर्ण इमारतों की पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग युद्ध स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित करें। पेयजल व स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था-बैठक में कलक्टर पीयूष समारिया ने निर्देश दिए कि जुलूस मार्गों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मेडिकल टीम हर स्थान पर उपलब्ध रहे। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर प्रत्येक अखाड़े को मेडिकल किट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गऐं। मौसमी बीमारियों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नरेंद्र नागर को निर्देश दिए गए कि हाऊस टू हाऊस सर्वे की रफ्तार बढ़ाई जाऐं। घनी आबादी और हॉस्टल क्षेत्रों पर विशेष फोकस कर डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम की जाऐं। जिन घरों या कार्यालयों में लार्वा मिलें, वहां संबंधित जिम्मेदार पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

राहुल गांधी का पुतला फूंका

छबड़ा (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवार को लेकर कांग्रेस मंच से दिए गए विवादित बयान पर कस्बे में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोष जताया और आजाद सर्किल पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारे लगाते हुए कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ रोष प्रकट किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भाजपा वरिश्ठ नेता हिम्मतसिंह सिंघवी ने कहा कि राहुल गांधी जानबूझकर देश के प्रधानमंत्री पर निम्नस्तरीय टिप्पणी कर रहे हैं, जिसे बीजेपी कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। बीजेपी नेताओं ने कहा कि कांग्रेस से बार-बार प्रधानमंत्री पर व्यक्तिगत प्रहार करना, जनता के बीच विपक्ष की हताशा को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है और विपक्ष इसे पचा नहीं पा रहा। प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के पुतले को आग के हवाले किया और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत माता के बारे में अपशब्द बोलना न केवल शर्मनाक है, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं का भी अपमान है।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष का छबड़ा में स्वागत

छबड़ा (निसं)। डॉक्टर राधाकृष्णन प्राथमिक शिक्षक सहकारी समिति 1192 के चुनाव में संयुक्त पैनल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बृजगोविंद टेलर का पहली बार छबड़ा पहुंचने पर गायत्री मंदिर परिसर में शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया। संयुक्त पैनल छबड़ा के बिट्टुलबाबू मीणा, रामस्वरूप भार्गव, रामप्रताप मीणा, चंद्रप्रकाश शर्मा, मुरलीधर नागर, घनश्याम भार्गव सहित कई शिक्षकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष बृजगोविंद टेलर एवं चुनाव संयोजक शंभूदयाल वैष्णव, नरेंद्र राठौर का तिलक लगाकर माल्यार्पण एवं साफा बंधन कर स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष टेलर ने शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सहकारी में शिक्षक सदस्यों का मानदारी पूर्वक व पारदर्शितापूर्वक निश्चित समय पर कार्य किया जाएगा। यहां जयप्रकाश, देवीशंकर गालव, प्रकाशचंद्र शर्मा, ओम प्रकाश गालव, सत्यनारायण शर्मा, रामजीलाल भार्गव, महेंद्रकुमार नागर, गणपत मीणा, घनश्याम शर्मा, राजेंद्र मीणा, हंसराज मालव आदि मौजूद थे।

फ्लैग मार्च निकाला

छबड़ा (निसं)। आगामी त्योहारों के मद्देनजर स्थानीय पुलिस द्वारा सोमवार शाम को डीएसपी विकास कुमार व सीआई राजेश खटाना के नेतृत्व में कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी जलझूलनी एकदशी, अंनत चतुर्दशी व ईद मिलादुन्नबी के पर्व पर क़स्बे में शांति व सौहार्द बनाये रखने को लेकर छबडा पुलिस के जवानों ने सोमवार शाम को छबडा डीएसपी विकास कुमार व थानाधिकारी राजेश खटाना के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला, यह फ्लैग मार्च छबडा थाना से शुरू होकर क़स्बे के मुख्य मार्गो से होता हुआ वापस छबडा थाना पहुंच कर सम्पन्न हुआ।

श्री गिरिराज धरण नगर परिक्रमा कल

रामगंजमंडी, (निसं)। हर माह की पूर्णिमा वाली एकादशी पर निकलने वाली श्री गिरिराज धरण नगर परिक्रमा 3 सितम्बर बुधवार को गोवर्धन नाथ मन्दिर बाजार नम्बर 6 से सुबह 7.30 बजे निकाली जाएगी।।पालिका नेता प्रतिपक्ष महेंद्र सामरिया ने बताया कि रामगंज मंडी में जलझूलनी एकादशी के अवसर पर आकर्षित झांकियां दूध धरा के साथ हर माह निकलती है। नगर परिक्रमा जिससे कोई श्रद्धालु मथुरा वृंदावन नहीं जा सकते वो श्रद्धालू परिक्रमा का लाभ उठा सकते है।

सीएलजी की बैठक आयोजित

रामगंजमण्डी, (निसं)। उपखण्ड अधिकारी रामगंजमण्डी चारू (आईएएस) की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों डोल ग्यारस व अन्नत चर्तुदशी के सन्दर्भ में थाना रामगंजमण्डी, सुकेत मोड़क स्टेशन सीएलजी बैठक आयोजित कि गई। बैठक में आपसी भाईचारा, शान्ति व सौहार्द के साथ त्यौहारों को मनाने की अपील की साथ ही खैराबाद में 2 सितम्बर मंगलवार को लगने वाले तेजाजी मेला स्थल का भी मौका मुआवना कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम मीणा सहित सभी थानावार थानाधिकारी व गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

सिंधी समाज व्यापार के साथ सेवा कार्यों में भी अग्रणी : पंकज मेहता

कोटा, (निसं)। नवरात्रि के पावन अवसर पर सिंधु यूथ सर्किल द्वारा मां भगवती का विशाल जागरण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से गीता भवन सरोवर रोड कोटा पर 29 सितंबर 2025 को रात्रि 8 बजे से आयोजित किया जाएगा।

मुख्य संयोजक दीपक राजानी ने बताया कि कार्यक्रम के पोस्टर व कार्ड

■ मां भगवती जागरण 29 सितम्बर को

सिंधी समाज के कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया।

का विमोचन भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता, जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मनोज शर्मा, एडिशनल एसपी ग्रामीण रामकल्याण मीणा द्वारा किया गया। इस दौरान पंकज मेहता ने कहा कि सिंधी समाज व्यापार के साथ सेवा के कार्यों में भी सर्वोपरी रहता है, पशु-पक्षियों की सेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्कूली बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है।

एडिशनल एसपी रामकल्याण मीणा ने कहा कि धर्म के साथ की जा रही समाज सेवा बेहद ही सराहनीय है, मनोज शर्मा ने कहा कि सिंधी समाज मेहनतकश समाज है, यह सेवा के कार्यों में तत्पर रहता है, इसके कई उदाहरण हैं। हम सभी को भी इस समाज से प्रेरणा लेनी चाहिए।

सिंधु यूथ सर्किल के अध्यक्ष कमल खत्री ने बताया कि कार्यक्रम में भारत के सुप्रसिद्ध गायक तरुण सागर द्वारा महामाई का गुणगान करेंगे। सचिव कपिल सेवानी ने बताया कि इस भगवती जागरण से एकत्र राशि को निर्धन, जरूरतमंद की शिक्षा और चिकित्सा पर खर्च किया जाएगा और उन्हें मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर संत कंवरराम धर्मशाला के अध्यक्ष गिरधारी पंजवानी, पूर्व पार्षद रमेश आहुजा, विनोद अजवानी, पवन, आलोक स्कूल के डायरेक्टर जय चंचलानी, वसंत वलेचा, अन्य प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। महिला शक्ति से दिव्या शर्मा, उनकी टीम, ग्लोरियस 50 की अध्यक्ष दृष्टि दयानी, सचिव कशिश चंदानी व हीर राजानी उपस्थित रहे।

वहीं कार्यक्रम के सफल आयोजन में जितेंद्र साधवानी, जयेश थदानी, भरत मखीजा, गिरीश वनवानी, दीपक शर्राफ, हितेश दासवानी, योगेश रोहिड़ा, जितेश चावला, नितिन सचदेव, नितिन दयानी, तरुण चौनानी, सागर राजपाल, रोहित लोकचंदानी, दिनेश सुखेजा, सतीश छाबड़ा, शंकर लेखवानी, दीपक थदानी, अमित मखीजा, अभिषेक दयानी, आकाश धनवानी का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

प्रहलाद गुंजल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली

कोटा, (निसं)। प्रदेश की कानून व्यवस्था, बाढ़ व अतिवृष्टि के मुआवजे, स्मार्ट मीटर और देश व प्रदेश मे हो रही वोट चोरी को लेकर आगामी दस सितंबर को होने वाली रैली व प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने कोटा दक्षिण विधानसभा, छावनी मंडल व रेल्वे कॉलोनी मंडल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रहलाद गुंजल ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं बची है, वोट चोरी, अतिवृष्टि से हुई तबाही का अभी सर्वे करवाकर मुआवजा नहीं दिया गया। केंद्र व राज्य सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है। प्रदेश की कानून व्यवस्था, वोट चोरी सहित सरकार की विफलताओं को लेकर जनता में आक्रोश है आज प्रदेश ही नहीं पूरा देश कांग्रेस की ओर देख रहा है। देश व प्रदेश मे वोट चोरी से बनी भाजपा सरकारे संविधान की हत्या कर रही है।

इन सभी मुद्दों को लेकर आमजन की आवाज बनकर 10 सितंबर को कांग्रेस का कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन मे ज्यादा से ज्यादा संख्या मे उपस्थित होने का आव्हान किया। तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया।

छावनी मंडल की बैठक को पूर्व विधायक पूनम गोयल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है सरकार को असफल बताते हुए आमजन की आवाज बनकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सड़क पर करने का आव्हान किया। कोटा दक्षिण की बैठक को अनूप ठाकुर, पूर्व पार्षद ब्रजेश शर्मा नीटू ने भी संबोधित किया।

बैठकों मे वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पार्षदों, पूर्व पार्षदों, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रहलाद गुंजल ने मांग करते हुए कहा कि कोटा जिले सहित पूरा हाड़ौती संभाग बाढ़ की चपेट में आया हुआ है, गांव के गांव तबाह हो चुके हैं उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अतिवृष्टि से तबाही पर निर्धारित तय मापदंडों के अनुसार मुआवजा देने से काम नहीं चलेगा लोगों के घरभार तबाह हो गए हैं सरकार को अतिवृष्टि से हुई तबाही पर स्पेशल पैकेज के बारे में सोचना होगा व गरीब व्यक्ति को हुए नुकसान की पूरी भरपाई करनी होगी।

सीएफसीएल उत्तम महिला समिति द्वारा शिविर में 341 यूनिट रक्तदान

सीएफसीएल उत्तम महिला समिति द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

कोटा, (निसं)। चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड गढ़ेपान में उत्तम महिला समिति की ओर से सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन, कोटा ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। शिविर में रिकॉर्ड 341 यूनिट रक्तदान हुआ। इस शिविर का उद्घाटन संस्थान के हेड मैन्युफैक्चरिंग अजय तायल ने किया। इस अवसर पर सभी कर्मचारी और अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने का आवाहन किया गया। इस अवसर पर उत्तम महिला समिति की अध्यक्ष सीमा तायल, सविता छाबा एवं वंदना माथुर मौजूद थी।

समिति की अध्यक्ष सीमा तायल ने बताया कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस शिविर में 341 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिस में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में कोटा ब्लड बैंक की और से मंजू कासलीवाल एवं अन्य स्टॉफ ने सहयोग दिया। शिविर में चंबल फर्टिलाइजर के के.के. जिंदल, विशाल माथुर, आकाश वर्मा, डॉ.राकेश शर्मा एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उत्तम महिला समिति की सचिव करुणा पॉल ने सफल आयोजन एवं सभी डोनर्स के सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

'लाल झंडे को हल्के में लेने की भूल ना करें सरकार'

कोटा, (निसं)। बकाया वेतन देने की मांग को लेकर पिछले लम्बे समय से जिला कलेक्ट्री पर चल रहे जेके मजदूरों के धरने को सोमवार को सीपीआईएम की राष्ट्रीय नेता कामरेड बृंदा कारात ने संबोधित किया। कामरेड बृंदा कारात ने धरने को संबोधित करते हुए राजस्थान सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि बीजेपी सरकार मजदूरों किसानों ओर आमजनता को बर्बाद करने वाली नीतियाँ को बन्द करें, और आठ माह से अपने बकाया वेतन पाने को लेकर बैठे मजदूरों का वेतन जल्द करे ओर कोटा के विकास में बन्द जेके फैक्ट्री को वापस चालू करवाने ओर युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए नये उद्योग चलाने वाले को देकर चालू करवाने का काम करे।

उन्होंने कहा सरकार लाल झंडे को हल्के मे लेने कि भूल ना करे यह भूल केंद्र सरकार ने किसान आंदोलन मे भी कि थी, कि दो चार महीने मे उठकर चले जायेगे परन्तु तानाशाही सरकार को किसानों के आगे घुटने टेके ओर किसान विरोधी काले कानूनों को वापस लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि जेके फैक्ट्री के 4200 मजदूरों को बकाया वेतन 500 करोड़ से अधिक सरकार से भुगतान करना ही पड़ेगा अगर जल्द ही मजदूरों का बकाया वेतन नहीं दिया गया तो उग्र आंदोलन करने कि तैयारी सीपीआईएम जिला कमेटी के नैतृत्व मे शुरू करने का काम करेंगे।

राधा जन्मोत्सव मनाया

बूंदी (निसं)। संस्कृति संस्था द्वारा एक निजी होटल में राधा जन्मोत्सव एवं यमुना जी को गुलाबी चुनरी अर्पित कर भव्य उत्सव आयोजित किया गया।

नाम परिवर्तन

सुरेश कुमार निवासी बिन्दाराड़ा तहसील छबड़ा जिला बारां ने अपनी पुत्री का नाम साध्वी नागर से बदलकर अब प्रज्ञा नागर रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को प्रज्ञा नागर के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।
पता-प्रज्ञा नागर पुत्री सुरेश कुमार निवासी बिन्दाराड़ा तह. छबड़ा जिला बारां राज.

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 88/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

श्रीमति रेखा सिंह गौड पत्नी श्री अजय सिंह गौड 364 शास्त्री नगर दादाबाडी कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अंतर्गत प्रन्यास "क्लाईमेक्स चिल्ड्रन समिति" केशवपुरा कोटा के संबंध में पंजीयन हेतु जांच किए जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 26.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 29.10.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 87/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

श्रीमति रेखा सिंह गौड पत्नी श्री अजय सिंह गौड 364 शास्त्री नगर दादाबाडी कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अंतर्गत प्रन्यास "ठाकुर जय सिंह सोसायटी ऑफ एजुकेशन" 364 शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा के संबंध में पंजीयन हेतु जांच किए जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 26.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 29.10.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025-26/1705 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-28.8.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोहसिन अब्बासी पिता श्री लाला अब्बासी निवासी रावतभाटा ने इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन मय शपथ पत्र एवं वांछित दस्तावेजों की स्व: प्रमाणित छायाप्रतियों को ऑनलाईन अपलोड कर नगर पालिका रावतभाटा के गैर योजना क्षेत्र ईदगाह के पास, रावतभाटा के आवासीय बिखरा भूखण्ड संख्या 04 साईज 30x60 क्षेत्रफल 1800 वर्गफीट अर्थात् 167.29 वर्गमीटर का नामान्तरण/हस्तान्तरण अपने नाम पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करने हेतु निवेदन किया है।

प्रस्तुत/ऑनलाईन अपलोड दस्तावेज एवं पालिका पत्रावली अनुसार यह भूखण्ड पालिका द्वारा नीलामी दिनांक 15.04.2010 अर्न्तगत श्री तिलकराज नन्दवानी पुत्र श्री जेठानन्द नन्दवानी निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया था, जिसकी सम्पूर्ण राशि एवं एकमुश्त 10 वर्ष की लीज राशि जमा होने के उपरांत क्रेता के पक्ष में लीज डीड क्रमांक 02 दिनांक 04.05.2010 व पंजीयन दिनांक 17.06.2010 को करवाया गया तथा इसके उपरान्त क्रेता ने पालिका से विक्रय अनुमति पत्र प्राप्त कर उक्त खाली भूखण्ड को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 30.07.2014 से श्रीमती अफरोज खान पत्नी श्री शमी उल्ला खान निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया। जिसके उपरान्त श्रीमती अफरोज खान ने उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 31.07.2025 से आवेदक श्री मोहसिन अब्बासी पिता श्री लाला अब्बासी निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया। जिसके आधार पर आवेदक के नाम भूखण्ड का नामान्तरण/हस्तान्तरण नियमानुसार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

अत: उक्त भूखण्ड का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में आवेदक के नाम दर्ज करने पर किसी भी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति/उजर हो, तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति/उजरदारी प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे। **अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/480 दिनांक:-1.9.25

नाम हस्तान्तरण बाबत आम सूचना

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखंड संख्या-287 केशवपुरा-4 योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र क्रमांक-1040 दिनांक 17.05.1982 द्वारा श्री नरेन्द्र सिंह तंवर पुत्र श्री देवी सिंह तंवर को आवंटित किया गया था। श्री नरेन्द्र सिंह तंवर के द्वारा श्रीमती प्रेमबाई पत्नी श्री हनुमान को उक्त भूखंड की कार्यवाही के संबंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। श्रीमती प्रेमबाई पत्नी श्री हनुमान के द्वारा मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखंड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 10.09.2012 को श्री योगेश यादव पुत्र श्री हीरालाल यादव को उक्त भूखंड का बैचान कर दिया है। श्री योगेश यादव पुत्र श्री हीरालाल यादव के द्वारा अपने नाम उक्त भूखंड का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखंड संख्या-287 केशवपुरा योजना का नाम हस्तांतरण श्री योगेश यादव पुत्र श्री हीरालाल यादव के नाम कर दिया जावेगा।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-1531 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-1.9.2025

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीरामकृष्णपुरम-बी आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या 129 का आवंटन/विक्रय/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 13.05.1998 को श्री अब्दुल सत्तार पुत्र श्री अब्दुल शकुर को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती तारा गोयल पत्नी एस.सी. गोयल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.02.2019 को श्री रोहित गोयल पुत्र श्री हरीश चंद्र गोयल को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 129 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-बी आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री रोहित गोयल पुत्र श्री हरीश चंद्र गोयल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

बारहवीं पुण्यतिथि

01.09.1944 02.09.2013

स्व.श्रीमती अन्नो देवी बैद
धर्मपत्नी स्व. श्री कैलाश चन्द बैद

आपके चरणों में सदैव नमन

श्रद्धानवत :
राजकुमार-राजकुमारी बैद
हार्दिक बैद
तारा-देवेन्द्र जी बाकलीवाल
कोविद-निधी बाकलीवाल
आशीष-डॉ.शिप्रा बैद
गौतम, तनिष्क बैद
अन्जना-कमल जी बडजात्या
परिधि, सलोनी बडजात्या
डॉ.रिया-तन्मय जी आठवले
व समस्त बैद परिवार (बडियाल वाले)
पीहर पक्ष: सुरेन्द्र कुमार -सुमन जैन एवं समस्त पाटोदी परिवार

रिषभ एडवरटाईजिंग एजेन्सी
राजस्थान एडवरटाईजिंग एजेन्सी

लोकसभा अध्यक्ष ने पुस्तकों का विमोचन किया

कोटा, (निसं)। विभाश्री माताजी के चातुर्मास महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला विज्ञान नगर जैन मंदिर पहुंचे और पूज्य माताजी के दर्शन कर पाद प्रक्षालन किया। उन्होंने माताजी रचित दो ग्रंथों का विमोचन भी किया। प्रवचन के दौरान विभाश्री माताजी ने कहा कि जब तक क्रोध, मान, माया, लोभ और कपट जैसी प्रवृत्तियाँ जीव में विद्यमान रहती हैं, तब तक आत्मा को निर्मलता और शांति की प्राप्ति संभव नहीं है। जैसे बादल हटने पर सूर्य का साक्षात दर्शन होता है, वैसे ही आंतरिक विकार हटने पर आत्मा 'उत्तम सत्य' के प्रकाश को अनुभव करती है। सत्य धर्म प्रज्ज्वलित दीपक की भांति है, जिसका वास्तविक लाभ तभी मिलता है जब उसे जीवन में आत्मसात किया जाए। अपने उद्बोधन में बिरला ने कहा कि आज विश्व को 'उत्तम सत्य धर्म' की सर्वाधिक आवश्यकता है। व्यक्ति कितना भी असत्य बोले, अंतत: विजय सत्य की ही होती है। उन्होंने श्रद्धापूर्वक पूज्य माताजी से आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य बताया। इस पर कोटा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन, डीएसपी अंकित जैन, पार्षद विवेक मित्तल, संजय त्रिपाठी, त्रिलोक स्वामी एवं सुरेश लखेरा रहे।

जानलेवा हमले के ईनामी आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने जानलेवा हमले के दर्ज प्रकरण में कार्यवाही करते हुए पांच हजार के ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 22 अगस्त को फरियादी मोहम्मद इमरान ने उस पर तलवार से हुए जानलेवा हमले की रिपोर्ट भीमगंजमंडी थाने में दर्ज कराई थी। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले में हमलवारों की तलाश के लिये पुलिस उपअधीक्षक गंगा सहाय शर्मा के सुपरविजन में भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान व मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए तलवार से हुए जानलेवा हमले के मामले में फर